# LL-02

नवम्बर, 2007
NOVEMBER, 2007

# लाइसेन्शिएट परीक्षा
## जीवन बीमा के व्यवहार

# LICENTIATE EXAMINATION
## PRACTICE OF LIFE ASSURANCE

समय : 3 घंटे ] [कुल अंक : 100

Time: 3 Hours] [Total Marks : 100

**किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न के 16 अंक हैं किन्तु यह अनिवार्य नहीं है। अन्य सभी प्रत्येक प्रश्न 12 अंक के हैं।**

Answer **EIGHT** questions only. Question **ONE** carries 16 marks but this is not compulsory. All other questions carry 12 marks each.

Marks

1. निम्न पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : प्रत्येक के 4 अंक
   - क) विपरीत चयन
   - ख) दावा रियायत
   - ग) मृत्यु की परिकल्पना
   - घ) बीमा नियामक विकास प्राधिकारी।

1. Write short Notes on : 4 each
   - a) Adverse Selection
   - b) Claim Concession
   - c) Presumption of Death
   - d) IRDA

प्रत्येक के 6 अंक

2. क) बीमा विक्रय के लिए अभिकर्ताओं का होना आवश्यक है। कारण लिखिए।
   
   ख) यह बताइए कि अभिकर्ताओं को अनुज्ञप्ति दिए जाने के लिए किन न्यूनतम शर्तों का होना आवश्यक है।

2. a) Agents are necessary for selling insurance. Give reasons 6 each
   
   b) State the minimum conditions to be satisfied for granting licence to Agents.

प्रत्येक के 6 अंक

3. क) अनुलिपि (दूसरी प्रति) पॉलिसी जारी करने के विषय में संक्षेप में बताइए कि किस प्रक्रिया का पालन करना होता है।
   
   ख) अनिवासी भारतीयों द्वारा प्रीमियम भुगतान करने के लिए किन विभिन्न तरीकों को अपनाया जाता है ?

3. a) Explain briefly the procedure relating to issue of duplicate policy . 6 each
   b) What are the various ways of payment of premium by NRI's ?

4. **कारण बताते हुए** लिखिए कि निम्नलिखित विवरण **सत्य हैं या असत्य** : प्रत्येक के 2 अंक
   क) वेतन बचत योजना के अंतर्गत पॉलिसी को चालू हालत में रखने का उत्तरदायित्व केवल नियोक्ता का है और न कि पॉलिसीधारक का ।
   ख) एक साहूकार को उधार लेने वाले के जीवन में उधार दी गयी रकम के लिए बीमाहित होता है ।
   ग) सभी समूह योजनाओं में समूह अवधि बीमा योजना सबसे सरल और सबसे सस्ती होती है ।
   घ) पॉलिसीधारक द्वारा पॉलिसी की चालू हालत में नामांकन को नहीं बदला जा सकता ।
   च) जीवन बीमा पॉलिसी सम्पत्ति है ।
   छ) बीमाकर्ता का संविदा को रद्द करने का अधिकार बीमा अधिनियम 1938 की धारा 45 के प्रावधानों से सीमित कर दिया गया है ।

4. State **giving reasons**, whether the following statements are **True or Fals**:- 2 each
   a) Under the Salary Saving Scheme, the responsibility for keeping the Policy in force is entirely that of the employer and not that of the Policyholder.
   b) A Creditor has insurable interest in the life of the debtor to the extent of the debt .
   c) Group Term Insurance Scheme is the simplest and the cheapest of all the Group Schemes .
   d) A nomination cannot be altered by the life assured during the currency of the policy.
   e) Life Insurance Policy is property.
   f) Insurer's right to cancel the contract is limited by the provisions of Section 45 of the Insurance Act, 1938.

5. रिक्त स्थानों की पूर्ति समुचित शब्दों से कीजिए :- प्रत्येक के 1 अंक
   क) संपूर्ण जीवन बीमा उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया गया और व्यवसाय भारतीय जीवन बीमा निगम को दिनांक .......... को हस्तांतरित कर दिया गया ।
   ख) बीमा अधिनियम की धारा .......... प्रीमियम पर छूट देने से रोकती है ।
   ग) बीमा की वह योजना जो केवल मृत्यु होने पर रकम देने का प्रावधान करती है उसे .......... कहते हैं ।

घ) वार्षिकी को जीवन बीमा प्रायोजन के .............. कहा जाता है ।
च) बीमाकर्ता .............. तरीके से अतिरिक्त हितलाभ प्रदान करते हैं ।
छ) व्यवसायिक संविदाएं .............. सिध्दांत की शर्त पर होती हैं ।
ज) बीमा अधिनियम 1938 .............. द्वारा बीमा हित को परिभाषित किया गया है ।
झ) प्रस्ताव पत्र .............. संविदा का भाग बनता है ।
त) संविदा का .............. पॉलिसी प्रलेख है ।
थ) पॉलिसी प्रलेख में संविदा की .............. निहित होती हैं ।
द) पॉलिसी प्रलेख प्रतिनिधित्व .............. करता है ।
ध) भारतीय जीवन बीमा निगम में .............. दरें प्रीमियम भुगतान की त्रैमासिक विधि में लागू होती हैं ।

5. Fill in the blanks with appropriate words : 1 each

a) Entire Life Insurance Industry was nationalised and business transferred to LICI on ________.
b) Section ________ of Insurance Act prohibits offering of rebates.
c) Plan of Insurance that provides only death benefit is called ________.
d) Annuity is called ________ application of Life Insurance .
e) Insurers allow additional benefits by way of ________.
f) Commercial contracts are subject to the principle of ________.
g) Insurance Act 1938 ________ define Insurable Interest .
h) Proposal form forms ________ of the contract .
i) Policy document is ________ of contract .
j) Policy document embodies ________ of contract .
k) Policy Document represents ________.
l) In LICI ________ rates are applicable for quarterly mode of payment of premium .

6. निम्न लिखित के जोड़े लगाइए : (प्रत्येक के लिए 1 अंक)

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| i) प्रीमियम माफी हितलाभ | क) मृत्यु सुरक्षा और विद्यमानता हितलाभ |
| ii) विशुध्द बंदोबस्ती | ख) बीमांकक |
| iii) गारंटीयुक्त समर्पण मूल्य | ग) बीमा अधिनियम 1938 की धारा 113 |
| iv) नामांकन | घ) एक पॉलिसी के अंतर्गत अतिरिक्त हितलाभ |
| v) आरोही गण | च) आरोही |
| vi) निगमीय अभिकर्ता | छ) बीमा अधिनियम 1938 की धारा 39 |

| | |
|---|---|
| vii) मूल्यांकन | ज) विद्यमानता हितलाभ |
| viii) सावधि पॉलिसी | झ) भारतीय साक्ष्य अधिनियम |
| ix) मास्टर पॉलिसी | त) जोखिम का प्रारम्भ |
| x) प्रथम प्रीमियम रसीद | थ) समूह बीमा पॉलिसी |
| xi) एकल प्रीमियम | द) विशिष्ट व्यक्ति |
| xii) गुमशुदा लोग | ध) तुरंत वार्षिकी |

6. Match the following :- 1 each

| Side 'A' | Side 'B' |
|---|---|
| i) Premium Waiver Benefit | a) Death Cover and Survival Benefits. |
| ii) Pure Endowment | b) Actuary |
| iii) Guaranteed Surrender Value | c) Section 113 of Insurance Act 1938 |
| iv) Nomination | d) Additional Benefits under a policy |
| v) Riders | e) Rider |
| vi) 'Corporate Agents' | f) Section 39 of Insurance Act 1938 |
| vii) Valuation | g) Survival Benefit |
| viii) Endowment Policy | h) Indian Evidence Act |
| ix) Master Policy | i) Commencement of Risk |
| x) First Premium Receipt | j) Group Insurance Policy |
| xi) Single Premium | k) Specified Persons |
| xii) Missing Persons | l) Immediate Annuity. |

प्रत्येक के 6 अंक

7. क) समुचित उदाहरण देते हुए साधारण प्रत्यावर्ती बोनस और चक्रवृध्दि प्रत्यावर्ती बोनस के अंतर को स्पष्ट कीजिए ।

ख) पॉलिसीधारकों को आयकर सम्बंधी हितलाभों को लिखिए ।

7. a) Bring out clearly the difference between Simple Reversionary Bonus and Compound Reversionary Bonus, by giving a suitable example. 6 each

b) Mention the benefits of IT Applications to the policyholders.

8. क) इन शब्दों को स्पष्ट रूप से समझाइए : 3

i) जोखिम प्रीमियम ii) शुध्द प्रीमियम और iii) कार्यालय प्रीमियम ।

ख) निम्नलिखित आंकड़ों के आधार पर अर्ध वार्षिक प्रीमियम की गणना कीजिए :- 9

योजना और अवधि - सावधि 30 वर्ष

बीमा राशि - रू. 1,00,000

| | | |
|---|---|---|
| दुहरा दुर्घटना हितलाभ | - | रू. 1 प्रति हजार की दर से दिया गया । |
| व्यवसायिक अतिरिक्त | - | रू. 2 प्रति हजार बीमा राशि |
| भुगतान विधि छूट | - | 1.5% |
| बीमा राशिकी छूट | - | रू. 2 प्रति हजार बीमा राशि |

निकटतर जन्म दिवस पर आयु लेनी है ।

| | | |
|---|---|---|
| जन्म तिथि | - | 14.6.1972 |
| प्रारम्भ की तारीख | - | 22.8.2007 |

| आयु अगले जन्म दिवस पर | तालीका प्रीमियम |
|---|---|
| 34 वर्ष | रू. 36.00 |
| 35 वर्ष | रू. 36.55 |
| 36 वर्ष | रू. 37.50 |

8. a) Explain clearly the terms : 3

i) Risk Premium ii) Net premium and iii) Office premium.

b) Calculate Half yearly premium on the basis of the following Data :- 9

| | | |
|---|---|---|
| Plan and Term | - | Endowment 30 years |
| Sum Assured | - | Rs. 1,00,000 |
| DAB Granted at | - | Rs. 1 per thousand |
| Occupational extra | - | Rs. 2 per thousand |
| Mode Rebate | - | 1.5% |
| S. A. Rebate | - | Rs. 2 per thousand S. A. |

Age to be taken nearer birth day

| | | |
|---|---|---|
| Date of Birth | - | 14.6.1972 |
| Date of commencement | - | 22.8.2007 |

| **Age next birth day** | **Tabular premium** |
|---|---|
| 34 years | Rs. 36.00 |
| 35 years | Rs. 36.55 |
| 36 years | Rs. 37.50 |

9. निम्न में अंतर बताइए : प्रत्येक के 4 अंक

क) सम्पूर्ण अभ्यर्पण एवं सशर्त अभ्यर्पण ।

ख) परिवर्तनीय बीमा योजना और विवाह बंदोबस्ती योजना ।

ग) समूह अवधि बीमा योजना और समूह बचत सम्बध्द बीमा योजना ।

9. Distinguish between :- 4 each
   a) Absolute Assignment and Conditional Assignment.
   b) Variable Insurance Plan and Marriage Endowment Plan.
   c) Group Term Insurance Scheme and Group Savings Linked Insurance Scheme.

10. वार्षिकी पॉलिसियाँ अधिक और अधिक विख्यात होने की आशा है । टिप्पणी कीजिए । 12

10. Annuity Policies are expected to become more and more popular. Comment. 12

------ समाप्त ------

------ THE END ------